Best Selling BLOG and MAGAZINE
Theme of All Time
Experience the change!



# विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

By **Shreyash Panchal** April 23, 2022 3 0



**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में "**विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस**" मनाया गया । इसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल निर्देशन में किया गया। यह कार्यक्रम सुश्री प्रिया अरोड़ा, सहायक प्रोफेसर, गणित विभाग की देखरेख में हुआ। प्रतियोगिता के विषय थे: पुस्तक पढ़ने के लाभ, कॉपी राइटिंग का महत्व और पुस्तकें-समाज का दर्पण। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पुस्तक पढ़ने की आदत डालना और उन्हें कॉपीराइट कानूनों के बारे में जागरूक करना था। छात्रों ने दिए गए विषयों पर उत्कृष्ट रूप से डिजाइन किए गए पोस्टर बनाए और स्लोगन के माध्यम से अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। इसमें कुल 23 छात्रों ने भाग लिया। डॉ. के.एल. कौशिक, गणित विभागाध्यक्ष, डॉ. संजीव गुप्ता, वरिष्ठ प्रवक्ता, भौतिक विज्ञान तथा श्रीमती नेहा गोयल, सहायक प्रवक्ता, गणित विभाग प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितु (बी.कॉम प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान मनीषा (बी.कॉम प्रथम वर्ष), तृतीय स्थान दिव्या (बी.कॉम तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तुलसी (बी.कॉम प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान अंशिका (बी.कॉम प्रथम वर्ष), तृतीय स्थान पिंकी मित्तल (बी.कॉम तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया।